तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील जीसीएमएस संख्या 2025/408 मूला उर्फ मूरली बनाम अमरी देवी	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.12.2025	अधिवक्ता अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत पत्रावली तलबी करने एवं प्रा.पत्र बाबत अपील विड्रो करने प्रस्तुत करने पर पत्रावली आज तलब हुई। वकील अपीलार्थी श्री हरलाल सिंह ने प्रार्थना पत्र विड्रो करने के तथ्य को दोहराते हुए कथन किया है कि उपरोक्त उनवानी प्रकरण में राजीनामा हो गया है। इसलिए प्रार्थी उपरोक्त उनवानी अपील को आगे नहीं चलाना चाहता है तथा पत्रावली को आज ही नियत कर निस्तारण करवाना चाहता है। प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर उपरोक्त उनवानी अपील को आज ही विड्रो किये जाने की अनुमति प्रदान कर अपील को इसी स्तर पर निस्तारित कर खारिज करने की कृपा करें। हमने अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से प्रार्थी स्वंय ही अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहता हैं। ऐसी स्थिति में अब इस अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थी के पहचान को तस्दीक किया गया। अतः अपीलार्थी का प्रा. पत्र विड्रो स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थी स्वंय अपील विड्रो किये जाने के कारण अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो। (दीप्ति कछवाहा) अति. संभागीय आयुक्त जयपुर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर	मूला उर्फ मुरली Advocate Harwani 8/12/2025